भारत सरकार

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 4706

उत्तर देने की तारीख : 31.03.2022

छात्रवृत्ति कार्यक्रम

4706. एडवोकेट डीन कुरियाकोस:

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) मैट्रिक-पूर्व, मैट्रिकोत्तर, मेरिट-सह-साधन और बेगम हजरत महल छात्रवृत्ति कार्यक्रमों के अंतर्गत स्वीकृत और संवितरित निधि का ब्यौरा क्या है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार के पास इन छात्रवृत्ति कार्यक्रमों में प्रति छात्र संवितरित राशि को बढ़ाने का कोई प्रस्ताव है;

(घ) यदि हां, तो तत्सबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार का राज्यों द्वारा उपलब्ध उच्चतर सकल नामांकन दरों के अनुसार आवंटन बढ़ाने का कोई प्रस्ताव है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री

(श्री मुख्तार अब्बास नकवी)

(क) और (ख): वर्ष 2014-15 से 2021-22 तक मैट्रिक-पूर्व, मैट्रिकोत्तर, मेरिट-सह-साधन आधारित छात्रवृत्ति योजनाएं और बेगम हजरत महल राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना (मौलाना आजाद शिक्षा प्रतिष्ठान द्वारा कार्यान्वित) के तहत स्वीकृत राशि का राज्य-वार विवरण संलग्न है।

(ग) और (घ): योजना संशोधन की प्रक्रिया के दौरान मंत्रालय द्वारा छात्रवृत्तियों की संख्या और राशि बढ़ाने सहित सभी पहलुओं पर ध्यान दिया जाता है जो एक सतत प्रक्रिया है।

(ङ) और (च): वर्ष 2013-14 में अल्पसंख्यक समुदायों के शैक्षिक सशक्तीकरण के लिए आवंटित किए गए 1888.50 करोड़ रूपये के बजट को वर्ष 2022-23 के बजट अनुमान में बढ़ाकर 2515 करोड़ रूपये कर दिया गया है। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में छात्रवृत्ति का वितरण जनगणना के अनुसार राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में अल्पसंख्यकों की जनसंख्या के आधार पर किया जाता है। यह जनगणना 2001 से 2017-18 तक और उसके बाद 2011 की जनगणना पर आधारित थी।

*****

'छात्रवृत्ति कार्यक्रम' के संबंध में दिनांक 31.03.2022 को उत्तर के लिए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4706 के पैरा (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध		
4 छात्रवृत्ति योजनाओं के तहत स्वीकृत छात्रवृत्तियों का राज्यवार विवरण (करोड़ रुपये में)		
क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	स्वीकृत छात्रवृत्ति की राशि
1	आंध्र प्रदेश	416.81
2	तेलंगाना	607.50
3	अरुणाचल प्रदेश	0.03
4	असम	977.53
5	बिहार	773.74
6	छत्तीसगढ़	41.71
7	गोवा	4.67
8	गुजरात	474.22
9	हरियाणा	64.89
10	हिमाचल प्रदेश	6.60
11	जम्मू और कश्मीर	788.51
12	झारखंड	261.53
13	कर्नाटक	1,375.19
14	केरल	1,465.30
15	लद्दाख	8.87
16	मध्य प्रदेश	400.90
17	महाराष्ट्र	931.67
18	मणिपुर	140.66
19	मेघालय	72.18
20	मिजोरम	147.11
21	नगालैंड	169.77
22	उड़ीसा	50.95
23	पंजाब	892.30
24	राजस्थान	589.33
25	सिक्किम	4.26
26	तमिलनाडु	909.48
27	त्रिपुरा	16.20
28	उत्तर प्रदेश	2,610.33
29	उत्तराखंड	99.72
30	पश्चिम बंगाल	1,443.52
31	अण्डमान और निकोबार	1.51
32	चंडीगढ़	2.76
33	दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव	0.84
34	दिल्ली	26.43
35	पुदुचेरी	8.33
	कुल	**15,785.36**

21.03.2022 तक अनंतिम डेटा। छात्रवृत्ति का वितरण 2021-22 में जारी है।

*****